5659-5734 कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज। उन्नतरी

संख्याः /दो–805ए(विविध)/वि0अ0अनु0/2018–19/प्रयागराज/दिनांकःसितम्बर 07 2019

समस्त जिला आबकारी अधिकारी,

उत्तर प्रदेश।

विषयः– एम0 एण्ड टी0पी0 ऐक्ट,1955 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली,1956 के निरसित हो जाने के पश्चात् विकृत अल्कोहल प्राप्त कर सौन्दर्य प्रसाधन निर्माण करने वाली इकाईयों को विकृत अल्कोहल के संचय हेतु उत्तर प्रदेश विकृत तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लाइसेंस नियमावली,1976 के अन्तर्गत एफ0एल0–41 अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 97/2018/3429 ई–2/तेरह–2018–106/2014 टीसी, लखनऊ, दिनांक 05.11.2018 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त एम0 एण्ड टी0पी0 ऐक्ट, 1955 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली, 1956 के निरसित हो जाने के पश्चात् विकृत अल्कोहल प्राप्त कर सौन्दर्य प्रसाधन निर्माण करने वाली इकाईयों को एल0–1 अनुज्ञापन प्रदान किये जाने में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत विकृत अल्कोहल के संचय हेतु उत्तर प्रदेश विकृत तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लाइसेंस नियमावली,1976 के अन्तर्गत एफ0एल0–41 अनुज्ञापन निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबंधों के अधीन एतद्द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है:–

1– परफ्यूम निर्माण हेतु अल्कोहल को कब्जे में रखने के लिए एफ0एल0–41 स्वीकृत किए जाने में यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि इस हेतु प्रदत्त अनुमति का दुरूपयोग न हो।

2– एफ0एल0–41 अनुज्ञापन प्रदान किए जाने हेतु इससे सम्बन्धित पूर्व निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के उपरान्त ही अनुज्ञापन निर्गत किए जाएं।

3– परफ्यूम निर्माण हेतु एफ0एल0–41 अनुज्ञापन प्रदान किए जाने से पूर्व इस बात का ध्यान रखा जाए कि इससे राजस्वहित पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

4– यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि इस प्रकार दी जा रही अनुमति केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी विधि व्यवस्था के प्रतिकूल न हो।

अतः उक्त के परिपेक्ष्य में परफ्यूम निर्माण करने वाली इकाइयों को विकृत अल्कोहल प्राप्त किये जाने हेतु एफ0एल0–41 अनुज्ञापन प्रदान किये जाने के लिये इस कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत चेक लिस्ट दिनांक 05.02.1992 (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार समस्त बिन्दुओं पर आख्या निवेश मित्र के पोर्टल पर इकाई का आवेदन पत्र, आई.ए.–2 प्रपत्र, कम्पनी का विधिक स्वरूप (कम्पनी/पार्टनरशिप/सोसायटी) का पंजीकरण प्राधिकृत स्तर से हस्ताक्षरित मानचित्र, निर्माण किये जाने वाले उत्पाद के घटकों की सूची सहित, प्रदूषण एवं अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र, निर्माण प्रकिया का फ्लो चार्ट तथा स्थापित की गयी प्लान्ट/मशीनरी का विवरण, संचय टैंकों का गेज चार्ट, उद्योग विभाग का पंजीकरण एवं सौन्दर्य प्रसाधन(परफ्यूम) निर्माण हेतु वैध औषधि अनुज्ञापन एवं निर्माण किये जाने वाले सौन्दर्य प्रसाधन की औषधि नियंत्रक से अनुमोदित सूची घटको को निवेश मित्र के पोर्टल पर अपलोड कराते हुये अपनी रिपोर्ट निवेश मित्र के पोर्टल पर दर्ज/अपलोड करते हुये उपलब्ध कराये, जिससे इस तरह की इकाईयों को एफ0एल0–41 अनुज्ञापन स्वीकृत किया जा सके।

संलग्नकः यथोक्त

(धीरज साहू)
आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश

5735-5773

संख्या /दो–805ए(विविध)/वि0अ0अनु0/2018–19/प्रयागराज/तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी विभाग, बापू भवन लखनऊ।
2– अपर आबकारी आयुक्त(प्रशासन)/(ला0/औ0वि0) उत्तर प्रदेश।
3– समस्त संयुक्त आबकारी आयुक्त जोन्स उत्तर प्रदेश।
4– समस्त उप आबकारी आयुक्त, प्रभार उत्तर प्रदेश।
5– समस्त अनुभाग अधिकारी मुख्यालय।
6– गार्डफाइल।

(धीरज साहू)
आबकारी आयुक्त,उ0प्र0।

संख्या- 97/2018/3429 ई-2/तेरह-2018-106/2014टीसी

प्रेषक,

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आवकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

लखनऊ::दिनांक 05 नवम्बर, 2018

आबकारी अनुभाग-2

विषयः-एम0 एण्ड टी0पी0 एक्ट,1955 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली,1956 के निरसित हो जाने के पश्चात् विकृत अल्कोहल प्राप्त कर सौन्दर्य प्रसाधन निर्माण करने वाली इकाईयों को विकृत अल्कोहल के संचय हेतु उत्तर प्रदेश विकृत तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लाइसेंस नियमावली,1976 के अन्तर्गत एफ0एल0-41 अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–जी-76/दो-805ए(विविध)/वि0म0एफ0एल0-41, दिनांक 12 अक्टूबर, 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अवगत कराया गया है कि एम0 एण्ड टी0पी0 एक्ट,1955 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली,1956 के निरसित हो जाने के फलस्वरूप उसके स्थान पर बनाई जा रही नियमावली केवल अविकृत (रेक्टिफाइड स्प्रिट एवं ई0एन0ए0) अल्कोहल एवं भांग के लिए बनाई जा रही है, जबकि एफ0एल0-41 अनुज्ञापन केवल विकृत अल्कोहल का उपयोग करने वाली सौन्दर्य प्रसाधन/परफ्यूम निर्माण करने वाली इकाईयों के लिए प्रदान किया जाना है। नियमावली बनने के बाद भी सौन्दर्य प्रसाधन/परफ्यूम निर्माण करने हेतु विकृत अल्कोहल प्राप्त करने वाली इकाईयों को उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिए लाइसेंस निमयावली,1976 के अन्तर्गत एफ0एल0-41 अनुज्ञापन की व्यवस्था यथावत् बनी रहेगी। तदनुसार आपके उक्त पत्र में शासनादेश संख्या-86/2018/2621ई-2/तेरह-2018-106/2014टीसी, दिनांक 27 सितम्बर, 2018 की शर्त संख्या-5 को विलोपित किए जाने की संस्तुति की गई है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव एवं की गई संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-86/2018/2621 ई-2/तेरह-2018-106/2014टीसी, दिनांक 27 सितम्बर, 2018 को निरस्त करते हुए एम0 एण्ड टी0पी0 एक्ट,1955 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली,1956 के निरसित हो जाने के पश्चात् विकृत

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अल्कोहल प्राप्त कर सौन्दर्य प्रसाधन निर्माण करने वाली इकाईयों को एल0-1 अनुज्ञापन प्रदान किए जाने में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत विकृत अल्कोहल के संचय हेतु उत्तर प्रदेश विकृत तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लाइसेंस नियमावली,1976 के अन्तर्गत एफ0एल0-41 अनुज्ञापन निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबंधों के अधीन दिये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:-

(1) परफ्यूम निर्माण हेतु अल्कोहल को कब्जे में रखने के लिए एफ0एल0-41 स्वीकृत किए जाने में यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि इस हेतु प्रदत्त अनुमति का दुरूपयोग न हो।

(2) एफ0एल0-41 अनुज्ञाप्रन प्रदान किए जाने हेतु इससे सम्बन्धित पूर्व निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के उपरान्त ही अनुज्ञापन निर्गत किए जाएं।

(3) परफ्यूम निर्माण हेतु एफ0एल0-41 अनुज्ञापन प्रदान किए जाने से पूर्व इस बात का ध्यान रखा जाए कि इससे राजस्वहित पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

(4) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि इस प्रकार दी जा रही अनुमति केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी विधि व्यवस्था के प्रतिकूल न हो।

कृपया तदनुसार अग्रतर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वेद प्रकाश राय)

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

OFFICE OF EXCISE COMMISSIONER, U.P. ALLAHABAD

NOTIFICATION

No. 3285 / [illegible]-805 [illegible]

July 22, 2003

In exercise of the powers under section 41 of the U.P. Excise Act, 1910 (Act No IV of 1910) and with previous sanction of the State Government, the Excise Commissioner makes the following rules with a view to amending to the U.P. Licences for the possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976.

U.P. LICENCES FOR THE POSSESSION OF DENATURED SPIRIT AND SPECIALLY DENATURED SPIRIT (FIFTH AMENDMENT) RULES, 2003

Short title and commencement.

(1) These rules may be called U.P. Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit (Fifth Amendment) Rules, 2003.

(2) They shall come into force with immediate effect.

Amendment of rule 3.

In the Uttar Pradesh Licences for the possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976, for rule 3 set out in Column I below the rule as set out in Column II shall be substituted, namely:

Column I Existing rule	Column II Rule as hereby substituted
3(a)- The fee for a licence in Form F.L. 39 shall be at the rate of Fifteen paise per litre, payable on the quantity of specially denatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee	3(a)- The fee for a licence in Form F.L. 39 shall be at the rate of Fifteen paise per litre, payable on the quantity of specially denatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall

shall be realised by the Excise Inspector Incharge distillery from the licensee before making issues of the specially denatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head-"039-State Excise-E-Commercial and Denatured spirit medicated wines-B-license fees commercial spirits" (b) The fee for a licence in form F.L. 40 and 41 shall be at the rate of 15 percent ad valorem on the sale made by a distillery/whole sale vendor to F.L. 40 and 41 licensees payable in advance before the issue of licence.	be realised by the Excise Inspector Incharge distillery from the licensee before making issues of the specially denatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head-"0039-State Excise-E-Commercial and Denatured spirit medicated wines-B-license fees commercial spirits". (b) The fee for a licence in form F.L. 40 and 41 shall be at the rate of 15 percent ad valorem on the sale made by distillery/whole sale vendor to F.L. 40 and 41 licensees payable in advance before the issue of Specially Denatured Spirit. Provided that in the case of petroleum depots holding F.L. 41 licence the licence fee shall be at the rate of 15 paise per bulk litre payable in advance before the issue of Denatured Power Alcohol.

(Ganga Deen Yadav)
Excise Commissioner
[illegible]

(845)

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश

अधिसूचना

संख्या 3285/ [illegible]

दिनांक 22 जुलाई, २००३ ई०

संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, १६१० (अधिनियम संख्या–४ सन् १६१०) की धारा–४१ के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेंस नियमावली, १६७६ का संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :

उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेंस (पांचवां संशोधन) नियमावली, २००३

१. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ– (१) यह नियमावली उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेंस (पांचवां संशोधन) नियमावली, २००३ कही जाएगी।

(२) यह तात्कालिक प्रभाव से प्रवृत्त होगी।

२. नियम ३ का संशोधन– उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेंस नियमावली, १६७६ में नीचे स्तम्भ–१ में उल्लिखित नियम–३ के स्थान पर स्तम्भ–२ में यथा उल्लिखित नियम रख दिया जायेगा–

स्तम्भ–१ वर्तमान नियम	स्तम्भ–२ एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
३(क) प्रपत्र वि०म०–३६ में लाइसेंस के लिये फीस, उत्तर प्रदेश में किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टितया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर पन्द्रह पैसा प्रति लीटर की दर से देय होगी। यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किये जाने के पूर्व लाइसेंस–धारी से [illegible] एक्साइज–ई– कामर्शियल एण्ड डिनेचर्ड स्प्रिट मेडिकेटेड वाइन–बी–लाइसेंसफीस कामर्शियल स्प्रिट" के अधीन कोषागार में जमा की [illegible]।	३(क) प्रपत्र वि०म०–३६ में लाइसेंस के लिये फीस, उत्तर प्रदेश में किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टितया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर पन्द्रह पैसा प्रति लीटर की दर से देय होगी। यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किये जाने [illegible] और शीर्षक "००३६–स्टेट एक्साइज–ई– कामर्शियल एण्ड डिनेचर्ड स्प्रिट मेडिकेटेड वाइन–बी–लाइसेंसफीस कामर्शियल स्प्रिट" के अधीन कोषागार में जमा की जायेगी।

) वि०म०–४० और वि०म०–४१ में लाइसेंस के लिये फीस वि०म०–४० और वि०म०–४१ के लाइसेंसधारियों को आसवनी/थोक विक्रेता द्वारा की गई बिक्री पर यथा मूल्य १५ प्रतिशत की दर से लाइसेंस के जारी किये जाने के पूर्व अग्रिम रूप से देय होगी।

(ख) वि०म०–४० और वि०म०–४१ में लाइसेंस के लिये फीस वि०म० ४० और वि०म०–४१ के लाइसेंसधारियों को आसवनी/थोक विक्रेता द्वारा की गई बिक्री पर यथा मूल्य १५ प्रतिशत की दर से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट की निकासी के पूर्व अग्रिम रूप से देय होगी।

परन्तु वि०म० ४१ अनुज्ञापनधारी पैट्रोलियम डिपोज को डिनेचर्ड पावर अल्कोहल की निकासी के पूर्व १५ पैसे प्रति बल्क लीटर की दर से अनुज्ञापन शुल्क अग्रिम रूप से देय होगा।

(गंगादीन यादव)
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

पंजीकृत संख्या-130 (क-1)

रजिस्टर्ड नं० ए०-डी०-4

लाइसेन्स नं० डब्लू० पी०—41

(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग-1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

इलाहाबाद, मंगलवार, 25 मई, 1999 ई०

(ज्येष्ठ 4, 1921 शक संवत्)

कार्यालय, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

अधिसूचना

संख्या 1327/

दिनांक 25 मई, 1999 ई०

संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (अधिनियम संख्या 4, सन् 1910) की धारा 41 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिए लाइसेन्स नियमावली, 1976 का संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :

उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 1999

1—संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिए लाइसेन्स (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 1999 कही जायेगी।

(2) यह तात्कालिक प्रभाव से प्रवृत्त होगी।

2—नियम 3 का संशोधन—उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिए लाइसेन्स नियमावली, 1976 में नीचे स्तम्भ-1 में उल्लिखित नियम-3 के स्थान पर स्तम्भ-2 में उल्लिखित नियम रख दिया जायेगा—

स्तम्भ-1 वर्तमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
3—(क) प्रपत्र वि0 म0-39 में लाइसेन्स के लिए फीस उत्तर प्रदेश की किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टतया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर पन्द्रह पैसा प्रति लीटर की दर से देय होगी, यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किये जाने के पूर्व लाइसेन्सधारी से वसूली की जायेगी और शीर्षक "039 स्टेट आबकारी वाणिज्य तथा विकृत की हुई स्प्रिट तथा औषधीय शराबें वाणिज्य प्रासवों (स्प्रिट्स) के लिए अनुज्ञापित फीस" के अधीन कोषागार में जमा की जायेगी।	3—(क) प्रपत्र वि0 म0-39 में लाइसेन्स के लिए फीस, उत्तर प्रदेश में किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टतया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर पन्द्रह पैसा प्रति लीटर की दर से देय होगी। यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक आसवनी द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किये जाने के पूर्व लाइसेन्सधारी से वसूल की जायेगी और शीर्षक "039-स्टेट एक्साइज-ई-कामर्शियल एण्ड डिनेचर्ड स्प्रिट मेडिकेटेड वाइन-बी-लाइसेन्स फीस कामर्शियल स्प्रिट" के अधीन कोषागार में जमा की जायेगी।
(ख) प्रपत्र वि0 म0 40 और वि0 म0 41 में लाइसेन्स के लिए फीस किसी आसवनी थोक विक्रेता द्वारा वि0 म0 40 और 41 के लाइसेन्सधारी को की गई बिक्री पर यथा मूल्य 40 प्रतिशत की दर पर लाइसेन्स जारी किये जाने के पूर्व अग्रिम रूप में देय होगी।	(ख) वि0 म0 40 और वि0 म0 41 में लाइसेन्स के लिए फीस वि0 म0 40 और वि0 म0 41 के लाइसेन्सधारियों को आसवनी/थोक विक्रेता द्वारा की गई बिक्री पर यथा मूल्य 15 प्रतिशत की दर से लाइसेन्स के जारी किये जाने के पूर्व अग्रिम रूप में देय होगी।

पी0 एल0 कौर,
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

OFFICE OF THE EXCISE COMMISSIONER, UTTAR PRADESH, ALLAHABAD

May 25, 1999

No. 1327—In exercise of the powers under section 41 of the U. P. Excise Act, 1910 (Act no. IV of 1910), and with the previous sanction of the State Government, the Excise Commissioner makes the following rules with a view to amending the U. P. Licences for the possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976:

U. P. LICENCES FOR THE POSSESSION OF DENATURED SPIRIT AND SPECIALLY DENATURED SPIRIT (FOURTH AMENDMENT) RULES, 1999.

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the U. P. Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit (Fourth Amendment) Rules, 1999.

(2) They shall come into force with immediate effect.

2. **Amendment of Rule 3.**—In the U. P. Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976, for rule 3 set out in Column I, the rule as set out in Column II shall be *substituted*, namely :

COLUMN I

(Existing rule)

Rule 3 (*a*).—The fee for a licence in Form F. L. 39 shall be at the rate of Fifteen paise per litre, payable on the quantity of specially denatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall be realised by the Excise Inspector Incharge distillery from the licensee before making issues of the specially denatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head "039- State Exbise-E-Comme-rcial and Denatured spirit medicated wines -B- licence fees commercial spirits":

(*b*) The fee for a licence in Form F. L. 40 and F. L. 41 shall be at the rate of 40 percent ad valorem on the sale made by a distillery wholesale vendor to F. ;L. 40 and F. L. 41 Licensees payable in advance before the issue of licence

COLUMN II

(Rule as hereby substituted)

Rule 3 (*a*)—The fee for a licence in Form F. L. 39 shall be at the rate of Fifteen paise per litre, payable on the quantity of specially denatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall be realised by the Excise Inspector Incharge distillery from the licensee before making issues of the specially denatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head-"039— State Exbise-E- Commierical and Denatured spirit medicated wines-B-lidence fees commercial spirits".

(*b*) The fee for a licence in Form F. L. 40 and 41 shall be at the rate of 15 percent ad valorem on the sale made by a distillery/ wholesale vendor to F. L. 40 and 41 licensees payable in advance before the issue of licence.

P. L. LOI,
Excise Commissioner
Uttar Pradesh.

पी०एस०यू०पी०—9 असाधारण गजट—3-6-99—1097 (मोनो)।
मुद्रक और प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

(11)

संख्या: 4683-4841 /डी विग-प्राविधिक-1/नीति

प्रेषक,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश ।

सेवा में,

1- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

2- समस्त उपायुक्त/सहायक आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश ।

दिनांक: इलाहाबाद:फरवरी: 5 :1992

विषय:- एफ.एल.-39,40,41 अनुज्ञापनों के प्रदान करने, वर्तमान अनुज्ञापनों के नवीकरण करने, उनका कोटा बढ़ाने तथा व्यपगत कोटा प्रदान करने आदि की संस्तुति भेजने के सम्बन्ध में ।

---:0:---

महोदय,

ऐसा अनुभव किया जा रहा है कि जिला स्तर से औद्योगिक इकाईयों के अनुज्ञापनों के सृजन, वर्तमान अनुज्ञापन के नवीनीकरण, उनके अल्कोहल के कोटा बढ़ाये जाने तथा उनको व्यपगत कोटा प्रदान करने के सम्बन्ध में संस्तुति पूरे औचित्य के साथ इस कार्यालय को नहीं भेजी जा रही है, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं होती है और निर्णय लेने में कठिनाई होती है । अतः निर्देश दिये जाते है कि उक्त मामलों की संस्तुति करते समय संलग्न प्रपत्र में निर्धारित बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराते तथा गुण-दोष के आधार पर विवेचना करते हुए अपनी स्पष्ट संस्तुति प्रस्तुत करें

संलग्नक: यथोक्त

भवदीय,

(पुलक चटर्जी)
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश ।

विलान/

एफ. एल. -39:40:41 :अनुज्ञापन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में

1- इकाई का नाम---

2- पूर्ण पता---

3- अनुज्ञापन का प्रकार जिसे दिये जाने की संस्तुति की जा रही है ।

4- उद्योग विभाग के अधीन पंजीकरण की संख्या एवं दिनांक(प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपियां संलग्न की जाय)

5- उद्योग विभाग द्वारा आवंटन के संबंध में की गयी संस्तुति(संलग्न की जाय)

6- इकाई का बिक्रीकर रजिस्ट्रेशन की संख्या व दिनांक(प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि भी संलग्न की जाय)

7- इकाई द्वारा विगत 3 वर्षों में भुगतान किये गये बिक्रीकर का विवरण:-

8- नये अनुज्ञापन प्रदान करने के लिए संस्तुति प्रदान करते समय स्थानीय अधिकारी यह देख लें कि इकाई के पास उद्योग स्थापित करने के लिए उपयुक्त परिसर है जिसमें अल्कोहल संचय के लिए निर्मित उत्पाद संचय हेतु अपने निर्माण कार्य के लिए पृथक-पृथक कक्ष की व्यवस्था है और उत्पाद निर्माण प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी उपकरण इकाई में स्थापित किये जा चुके है । केवल छोटे एफ. एल. -41 अनुज्ञापनों के लिए परिसर सम्बन्धी प्राविधानों से छूट दी जा सकती है यदि किसी एफ. एल. -40, 41 उद्योग के लिए 1000 बल्क लीटर एस.डी. एस. वर्तमान का कोटा प्रदान किये जाने की संस्तुति की जाती है तो यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि इकाई के पास एस.डी. एस. संचय करने के लिए उपयुक्त पात्रता का वेयर हाउस उपलब्ध है ।

9- प्रस्तावित उद्योग जिस उत्पाद के निर्माण में अल्कोहल उपयोग करना चाहता है उसके निर्माण विधि क्या आई. एस. आई. या अन्य मान्यता प्राप्त लिट्रेचर साहित्य पर आधारित है । यदि ऐसा नहीं है तो मान्यता प्राप्त औद्योगिक संस्थान का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाय ।

10- प्रस्तावित इकाईयों में कार्यरत कर्मचारियों की प्राविधिक योग्यताओं के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी जाय यह भी देखा जाय कि उक्त योग्यताओं वाले व्यक्ति उद्योग चलाने के लिए सक्षम है अथवा नहीं ।

11- क्या प्रस्तावित इकाई ने एक्सप्लोसिव ऐक्ट विष अधिनियम आदि के अंतर्गत रा मैटेरियल संचित करने के लिए उपयुक्त अनुज्ञापन प्राप्त कर लिये है ।

..........2/

12- प्रस्तावित इकाई यदि पार्टनरशिप फर्म है तो उसके रजिस्ट्रार या फर्म्स द्वारा पंजीकृत कराने का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाय। पार्टनरशिप डीड की प्रतिलिपि भी प्राप्त की जाये। प्रस्तावित इकाई यदि लिमिटेड कम्पनी है तो उसके डायरेक्टर या मैनेजर को अधिकृत करते हुए प्राप्त की जाये। ऐसी कम्पनी के आर्टिकल आफ एसोसियेशन मेमोरेण्डम भी उपलब्ध करा लिया जाये।

13- प्रस्तावित इकाई के प्रोप्राइटर/पार्टनर/डायरेक्टरों आदि के ऊपर सरकारी राजस्व के शेष बकाया के बारे में जानकारी प्राप्त की जाये यदि कोई सरकारी राजस्व बकाया है तो उसे वसूल न किये जाने की जानकारी प्राप्त की जाये। एफ. एल.-39 व 40 अनुज्ञापन प्राप्त करने वाले औद्योगिक इकाईयाँ अपने मशीनरी व प्लान्ट की उत्पादन क्षमता की घोषणा करें व उक्त उत्पादन क्षमता के लिए कितने अल्कोहल की आवश्यकता होगी, के बारे में इकाई स्पष्ट [illegible] जानकारी उपलब्ध करायें।

14- प्रस्तावित एफ. एल.-41 अनुज्ञापन के अंतर्गत बनाये जाने वाले प्रस्तावित उत्पादन की मांग की सर्वेक्षण रिपोर्ट अधिकृत सर्वेयर द्वारा आवेदन से अपने प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करने के लिए कहा जायेगा।

15- एफ. एल.-39, 40, व 41 अनुज्ञापनों के प्रार्थना पत्रों के साथ आवेदकों से एक टेक्निकल रिपोर्ट या प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को कहा जाये, कि अल्कोहल के अतिरिक्त अन्य कोई कच्चा माल प्रस्तावित उत्पाद के निर्माण के लिए उपलब्ध नहीं है।

16- इकाई का प्रस्तावित प्लान्ट व मशीनरी का लाइन डाईग्राम इंजीनियरिंग स्पेसीफिकेशन के साथ उपलब्ध कराया जाय।

17- जिला आबकारी अधिकारी/उप आबकारी आयुक्त, चार्ज प्राप्त [illegible] प्रपत्र में इकाईयों के प्रार्थना पत्र तथा परिसर के नक्शा पत्र तीन प्रतियों में स्पष्ट टीप्पणी के साथ परीक्षण करके निम्नलिखित सूचनाओं के साथ आबकारी आयुक्त को प्रस्तुत करेंगे:

(1) इकाई को यदि विगत वर्षों में कोई कोटा दिया गया है तो उसका पूर्ण विवरण, उपभोग की स्थिति सहित।

(2) एस. डी. एस. आवंटन किये जाने के संबंध में निम्न प्रपत्र में संस्तुति दी जाये :-

क- कितनी मात्रा की संस्तुति की जाती है।

ख- मात्रा की संस्तुति प्रतिमाह के लिए है अथवा नहीं ?

{8} क्या एफ.एल.-39 अनुज्ञापी ने स्पिरिट संचय का हिसाब परिपत्र एफ.एल.-42 में रख रहे हैं और क्या किसी माह में स्टोरेज छीजन 1.5% से अधिक हुआ है और यदि हाँ तो क्या नियम-5(1) के अनुसार उस पर निर्धारित दर से पेनाल्टी लगायी गयी है।

{9} इकाई द्वारा अल्कोहल का उपयोग जिन-जिन उत्पाद बनाने के लिए हुए फार्मूले से किया गया है उसके अनुसार उसके गणनात्मक विवरण उपलब्ध कराया जाये।

{10} उपरोक्त के अतिरिक्त यदि इकाई के विरुद्ध अल्कोहल के दुरुपयोग या नियमों के उल्लंघन का मामला प्रकाश में आया है तो उसके बारे में भी विस्तृत आख्या इस कार्यालय को भेजी जाय।

{11} नवीनीकरण की सभी संस्तुतियां जिला आबकारी अधिकारी, उप आबकारी आयुक्त चार्ज के माध्यम से इस कार्यालय को भेजी जाय।

{12} यह देखा जाय कि उत्पादित माल सही व वैध व्यक्ति { } पार्टियों को भेजा गया है। उसका विवरण उपलब्ध कराया जाये।

{13} विगत तीन वर्षों में इकाई द्वारा उठाई गई अल्कोहल की मात्रा का विवरण उपलब्ध कराया जाय।

{14} इकाई द्वारा विगत तीन वर्षों में उठाई गयी एस.डी.एस. पर कर शुल्क की अदायगी का विवरण उपलब्ध कराया जाये।

{15} कर/शुल्क अदायगी के विरुद्ध यदि इकाई ने न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर रखा है और बकाया के लिए बैंक गारन्टी/डिपोजिट जमा करने के निर्देश हैं तो जमा की जा रही/की गयी बैंक गारन्टी की अद्यतन स्थिति का विवरण उपलब्ध कराया जाये।

{16} इस कार्यालय के पत्र संख्या-2295-2573/दो-805ए(1)/29, दिनांक 9.10.91 द्वारा एफ.एल.-39, 40, व 41 के अनुज्ञापियों को तीन माह का प्रार्थना पत्र न प्राप्त होने पर अनुज्ञापन निरस्त करने के आदेश दिये गये हैं। अतः यदि कोई इकाई तीन महीने तक अनुज्ञापन के नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र नहीं प्रस्तुत करती है तो उसके अनुज्ञापन के निरस्तीकरण संस्तुति भेजी जाये।

एफ.एल.-39, 40 व 41 अनुज्ञापी, मार्च का एस.डी.एस. का कोटा प्राप्त करने के बाद अपना अनुज्ञापन 20 मार्च तक जिला आबकारी अधिकारी, को नवीनीकरण सम्बन्धी प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। जिला आबकारी अधिकारी,

उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर टिप्पणी सहित अपनी आख्या उपायुक्त वार्ड के माध्यम से आबकारी आयुक्त, को 31 मार्च तक अवश्य भेज देंगे । यदि जिला आबकारी अधिकारी उपायुक्त/सहायक आबकारी आयुक्त, द्वारा उपरोक्त प्रार्थना पत्र आयुक्त को प्रस्तुत करने में विलम्ब हुआ तो उनके द्वारा विलम्ब का कारण का भी उल्लेख किया जायेगा ।

ऐसी सभी इकाईयों को जिन्होंने अनुज्ञापन नवीनीकरण सम्बन्धी प्रार्थना पत्र 15 मार्च तक जिला आबकारी अधिकारी, को प्रस्तुत कर दिया है और, जिनके विरुद्ध आबकारी राजस्व का बकाया या आबकारी नियमों के उल्लंघन सम्बन्धी मामले विचाराधीन नहीं है, का अप्रैल मास का एस.डी.एस. का कोटा तदर्थ रूप से प्रदान करने की अनुमति प्रदान कर दी जाये । इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में निर्गत हो जाना चाहिए ताकि उनका निर्माण कार्य न रुके ।

एफ. एल. -39, 40, व 41 इकाईयों का कोटा बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध कराई जाय:-

1- क्या इकाई द्वारा विगत तीन वर्षों में एस.डी.एस. के निर्धारित कोटे का उपभोग कर लिया गया । यदि, नहीं तो क्या इकाई ने विगत तीन वर्षों में निर्धारित कोटे के 90% की मात्रा तक उपभोग कर लिया है । और इस एस.डी.एस. द्वारा आबकारी आयुक्त, के निर्धारित सूत्र के अनुसार ही उत्पादित विनिर्दिष्ट प्रोडक्ट का निर्माण किया गया है ।

2- क्या इकाई के विरुद्ध एस.डी.एस. के दुरुपयोग या आबकारी नियमों के उल्लंघन के गम्भीर मामले विगत वर्षों में पकड़े गये हैं । यदि हाँ तो यह मामले किस प्रकार के हैं और कब पकड़े गये हैं ? और इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही हुई ।

3- क्या विगत तीन वर्षों में उत्पादित माल के कम से कम 75% मात्रा की खपत सम्बन्धित वर्षों में हो गई है । क्या उत्पादित माल की बिक्री जेनविन (सही) फर्मों को की गई है और क्या ऐसी बिक्री की गई माल का सही ढंग से हिसाब रखा गया है । जिन फर्मों को बिक्री की गई उनका सत्यापन करते हुए सूचना उपलब्ध कराया जाये ।

4- विगत वर्षों में इकाई द्वारा नियमित कोटे के उपभोग होने के पश्चात उत्पाद सप्लाई करने को कितने ऐसे आर्डर पेन्डिंग है जिनका अल्कोहल के अभाव में आपूर्ति नहीं की [illegible] हुये पेन्डिंग आर्डर की आपूर्ति करने में कितने अल्कोहल की आवश्यकता है ? पृथक पृथक [illegible] इकाईयों के पेन्डिंग आर्डर के बारे में विस्तृत सूचना प्राप्त की जाय ।

5- विगत वर्षों में अल्कोहल के अभाव में आपूर्ति नहीं किये जा सके । पेन्डिंग आर्डर में से कितने सरकारी संस्थान द्वारा दिये गये है और कितने प्राइवेट पार्टीज द्वारा दिये गये है और इनकी आपूर्ति करने में कितने अल्कोहल की आवश्यकता होगी ? पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाये ।

6- विगत तीन वर्षों में इकाई द्वारा प्राप्त नियमित तथा तदर्थ कोटे का विवरण प्राप्त किया जाय । विगत तीन वर्षों में इकाई द्वारा प्राप्त नियमित तथा तदर्थ कोटे का औसत क्या रहा है ?

7- क्या एफ०एल०-[illegible] इकाईयों जिनके कोटे को बढ़ाने के मामले विचाराधीन है, के कोटे में विगत तीन वर्षों में कोई वृद्धि तो नहीं हुई है, यदि हाँ तो कब और कितनी ?

8- कोटे बढ़ाने की के सभी मामले उप आबकारी आयुक्त/सहायक आबकारी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी के माध्यम से उपरोक्त बिन्दुओं पर आख्या एवं स्पष्ट संस्तुति सहित आबकारी आयुक्त को प्रेषित की जाय ।

एफ०एल०-[illegible] 40, 41 इकाईयों को स्थापित कोटा प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध कराई जाय :-

1- क्या आसवनी में एस०डी०एस० उपलब्ध न होने के कारण इकाई को एस०डी०एस० के कोटा को निकासी नहीं हो पाई, क्या आसवनी ने इस बात का प्रमाण पत्र दिया है कि उक्त कारणों से एस०डी०एस० की आपूर्ति नहीं की जा सकती है ।

2- स्थापित कोटा दिये जाने से एस०डी०एस० का दुरूपयोग तो नहीं होगा ।

3- यदि इकाई द्वारा स्थान परिवर्तन से [illegible] आदि होने के कारण कोटा न उठाया गया हो तो उसके सम्बन्ध में विस्तृत आख्या उपलब्ध कराई जाय ।

4- [illegible] कोई ऐसा मामला जिसके कारण इकाई कोटा उठाने में असमर्थ [illegible] प्रकाश डालते हुए आख्या भेजी जाये ।

निवान/

ग- किसे माल के लिए ?

घ- किस प्रयोजन हेतु ?

ङ- क्या इकाई द्वारा अनुज्ञापन दिये जाने के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गयी हैं, यदि नहीं तो विवरण एवं औचित्य।

च- अन्य आवश्यक विवरण।

वर्तमान एफ.एल.-40 [illegible] अनुज्ञापत्रों के आगामी वर्ष के नवीनीकरण के लिए संस्तुति करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध करायी जाये:-

(1) क्या इकाई स्वीकृत परिसर में कार्यरत है अथवा नहीं ? और उसके नक्शे में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

(2) क्या इकाई ने विकृत सुरा का उपयोग स्वीकृत उत्पाद के निर्माण में किया है और निर्माण प्रक्रिया आबकारी निरीक्षक के उपस्थिति में सम्पन्न करायी गयी है, इस सम्बन्ध में आबकारी निरीक्षक की स्पष्ट रिपोर्ट संलग्न की जाय।

(3) क्या निर्मित उत्पाद का निर्माण अनुमोदित सूत्र के अनुसार किया गया है, यदि निर्मित उत्पाद में इकाई द्वारा घोषित अल्कोहल की ताकत और अनुमोदित सूत्र में अंकित ताकत में 2% से अधिक का अन्तर है तो इकाई के विरुद्ध नियम-(3) के अंतर्गत क्या कार्यवाही की गयी ?

(4) क्या इकाई द्वारा अल्कोहल के उपयोग, कच्चे माल के उपभोग तथा निर्मित माल के निस्तारण का विवरण अभिलेखों में अंकित किया जा रहा है।

(5) क्या इकाई ने गत वर्ष अनुज्ञापन शुल्क, प्रवेश टैक्स इत्यादि के अतिरिक्त की देय धनराशि का भुगतान कर दिया है और क्या इकाई के जिम्मे उक्त प्रकार की कोई धनराशि बकाया है, यदि है तो क्यों ?

(6) यदि इकाई का निर्धारित कोटा 1,000 लीटर से अधिक है तो क्या इकाई ने स्टाक संग्रह करने हेतु अपने परिसर में मेजर वैट स्थापित कर लिया है। यदि मेजर वैट उपलब्ध है तो क्या वह आबकारी आयुक्त द्वारा अनुमोदित है अथवा नहीं ?

(7) क्या एफ.एल.-40 अनुज्ञापनों के नियम-(2) (2) (ख) के अंतर्गत परिपत्र एफ.एल.-40 [illegible] दिया है।

......4/

कार्यालय, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश

9 जनवरी, 1991 ई०

सं० 3040 ई०—806-ए (26)-15—संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 4 सन् 1910) की धारा 41 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके आबकारी आयुक्त, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स नियमावली, 1976 का संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :—

उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स (तृतीय संशोधन) नियमावली, 1991

27 छ

1—संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्ट या विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स (तृतीय संशोधन) नियमावली, 1991 कही जायगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2—नियम 4 का संशोधन—उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स नियमावली, 1976, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में, नियम 4 में, नीचे स्तम्भ—1 में दिये गये वर्तमान उप नियम (9) और (10) के स्थान पर स्तम्भ—2 में दिये गये उपनियम रख दिये जायेंगे, अर्थात्—

स्तम्भ—1 वर्तमान उप-नियम	स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप—नियम
(9) लाइसेन्सधारी, लाइसेन्स के अधीन प्राप्त की गई स्प्रिट को किसी परिमाण में न तो बेचेगा या उसे भेंट या अन्य रूप से किसी को देगा अथवा लाइसेन्स में उल्लिखित प्रयोजनों से भिन्न किसी प्रयोजन के लिये उसका उपयोग करेगा।	(9) लाइसेन्सधारी, लाइसेन्स के अधीन प्राप्त की गई स्प्रिट के किसी परिमाण को न तो बेचेगा, या उसे भेंट के रूप में या अन्यथा किसी को देगा या लाइसेन्स में उल्लिखित प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिये उसका उपयोग करेगा; प्रतिबन्ध यह है कि मोनोइथलीन ग्लाइकोल या तत् सदृश उत्पाद का निर्माण करने वाली कोई औद्योगिक इकाई आबकारी आयुक्त की लिखित रूप में पूर्व स्वीकृति से, निर्माण की प्रक्रिया में पायी गयी अवशिष्ट स्प्रिट को जिसमें 0.5 पी० पी० एम० से अधिक सल्फर हो, आबकारी आयुक्त द्वारा इस निमित्त यथा विनिर्दिष्ट निबन्धनों और शर्तों के अनुसार इस नियमावली के अधीन लाइसेन्स रखने वाली किसी अन्य इकाई को बेच सकती है।
10—जिले के कलेक्टर की लिखित स्वीकृति के बिना स्प्रिट लाइसेन्स प्राप्त भू-गृहादि से हटाई नहीं जायगी।	(10) कोई स्प्रिट आबकारी आयुक्त की लिखित स्वीकृति के बिना, लाइसेन्स प्राप्त भू—गृहादि से हटायी नहीं जायगी।

3—नियम 5 का संशोधन— उक्त नियमावली में, नियम—5 में, नीचे स्तम्भ—1 में दिये गये वर्तमान खण्ड (च) के स्थान पर स्तम्भ—2 में दिया गया खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात्—

स्तम्भ—1 वर्तमान खण्ड	स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(च) कोई स्प्रिट आबकारी अधिकारी द्वारा यथाविधि प्राधिकृत व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा भू—गृहादि से बाहर नहीं ले जायी जायेगी।	(च) कोई स्प्रिट आबकारी आयुक्त द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा भू—गृहादि से ले नहीं जायी जायेगी।

January 9, 1991

No. 3040/II—805-A(26)-15.—In exercise of the powers under section 41 of the U. P. Excise Act, 1910 (U. P. Act no. IV of 1910), the Excise Commissioner, with the previous sanction of the State Government, makes the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976.

THE UTTAR PRADESH LICENCES FOR THE POSSESSION OF DENATURED SPIRIT AND SPECIALLY DENATURED SPIRIT (THIRD AMENDMENT) RULES, 1991.

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Uttar Pradesh Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit (Third Amendment) Rules, 1991.

(2) They shall come into force at once

2. Amendment of rule 4.—In the Uttar Pradesh Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976, hereinafter referred to as the said rules, in rule

existing sub-rules (9) and (10) set out in Column I below, the sub-rules as set out in Column II shall be substituted, namely :

COLUMN I *Existing sub-rules*	COLUMN II *Sub-rules as hereby substituted*
(9) The licensee shall not sell or part with as gift or otherwise any quantity of spirit obtained under the licence or utilise it for purpose other than stated in the licence.	(9) The licensee shall not sell or part with as gift or otherwise any quantity of spirit obtained under the licence or utilise it for purposes other than stated in the licence : Provided that an industrial unit manufacturing Mono Ethyline Glycol or the like products may, with the prior sanction in writing of the Excise Commissioner to sell the residual spirit, recovered in the process of manufacture containing more than 0.5 PPM sulpher, to any other unit holding a licence under these rules in accordance with the terms and conditions as specified by the Excise Commissioner in this behalf.
(10) No spirit shall be removed from the licensed premises without the sanction in writing of the Collector of the District.	(10) No spirit shall be removed from the licensed premises without the sanction, in writing, of the Excise Commissioner.

3. **Amendment of rule 5.**—In the said rules, in rule 5, in sub-rule (1), for the existing clause (*f*) set out in Column I below, the clause as set out in Column II shall be substituted, namely :

COLUMN I *Existing clause*	COLUMN II *Clause as hereby substituted*
(*f*) No spirit shall be taken away from the premises by person other than a duly authorised Excise Officer.	(*f*) No spirit shall be taken away from the premises by anyone other than a person duly authorised by the Excise Commissioner.

प्रदीप कुमार,

आबकारी आयुक्त ।

...other securities shall on deposit, be endorsed to the Collector of the district by designation. The distiller shall be allowed to draw, as it falls due, the interest accruing on them.

or other securities shall on deposit, be endorsed to the Collector of the district by designation. The distiller shall be allowed to draw, as it falls due, the interest accruing on them.

13 जनवरी, 1990 ई0

सं0 464/जे0 ई0 सी0—संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (अधिनियम संख्या 4, सन् 1910) की धारा 41 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, आबकारी आयुक्त अपनी अधिसूचना संख्या 953, दिनांक 3 मई, 1976 के अधीन प्रकाशित उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स नियमावली, 1976 का संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:—

उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 1990

1—संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 1990 कही जायगी।

(2) यह तात्कालिक प्रभाव से प्रवृत्त होगी।

2—नियम—3 का संशोधन—उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिये लाइसेन्स नियमावली 1976 में नीचे स्तम्भ—1 में उल्लिखित नियम—3 के स्थान पर स्तम्भ—2 में उल्लिखित नियम रख दिया जायेगा :—

स्तम्भ—1

वर्तमान नियम—3

3—(क) प्रपत्र वि0 स0—39 में लाइसेन्स के लिए फीस उत्तर प्रदेश की किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टतया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर दस पैसा प्रति लिटर की दर से देय होगी यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किये जाने के पूर्व लाइसेन्सधारी से वसूल की जायेगी और शीर्षक "039 स्टेट आबकारी वाणिज्य तथा विकृत की हुई स्प्रिट तथा औषधीय जरायें वाणिज्य आसवों (स्प्रिट) के लिये अनुज्ञापित फीस" के अधीन कोषागार में जमा की जायेगी।

(ख) प्रपत्र वि0 स0 40 और वि0 स0 41 में लाइसेन्स के लिए फीस किसी आसवनी/थोक विक्रेता द्वारा वि0 स0 40 और 41 के लाइसेन्सधारी को की गई बिक्री पर यथामूल्य 25 प्रतिशत की दर पर लाइसेन्स जारी किए जाने के पूर्व अग्रिम रूप में देय होगी।

स्तम्भ—2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम—3

3—(क) प्रपत्र वि0 स0—39 में लाइसेन्स के लिए फीस, उत्तर प्रदेश में किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टतया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर पन्द्रह पैसा प्रति लिटर की दर से देय होगी। यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक आसवनी द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किये जाने के पूर्व लाइसेन्सधारी से वसूल की जायगी और शीर्षक "039—स्टेट एक्साइज—ई—कामर्शियल एण्ड डिनेचर्ड स्प्रिट मेडिकेटेड वाइन—की—लाइसेन्स फीस कामर्शियल स्प्रिट" के अधीन कोषागार में जमा की जायेगी।

(ख) वि0 स0 40 और वि0 स0 41 में, लाइसेन्स के लिये फीस वि0 स0 40 और वि0 स0 41 के लाइसेन्सधारियों को आसवनी/थोक विक्रेता द्वारा की गई बिक्री पर यथामूल्य 40 प्रतिशत की दर से लाइसेन्स के जारी किये जाने के पूर्व अग्रिम रूप में देय होगी।

The Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 464/JEC, dated January 13, 1990 :

No. 464/JEC

January 13, 1990

In exercise of the powers under section 41 of the U. P. Excise Act, 1910 (Act no. IV of 1910), and with the previous sanction of the State Government the Excise Commissioner makes the following rules with a view to amend the U. P. Licences for the possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit Rules, 1976 published under his notification no. 953, dated May 3, 1976.

U. P. LICENCES FOR THE POSSESSION OF DENATURED SPIRIT AND SPECIALLY DENATURED SPIRIT (SECOND AMENDMENT) RULES, 1990.

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the U. P. licences for possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit (Second Amendment) Rules, 1990

They shall come into force with immediate effect.

[illegible]ment of Rule 3.—In the U. P. Licences for the Possession of Donatured Spirit and [illegible] Donatured Spirit Rules, 1976 for Rule 3 mentioned in Column I, the rule as mentioned [illegible] column II shall be substituted :

COLUMN I	COLUMN II
Existing Rule 3	*Rule 3 as hereby substituted*
Rule-3.—(*a*) The fee for a licence in Form F. L. 39 shall be at the trate of ten paise per litre, payable on the quantity of specially donatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall be realised by the Excise Inspector Incharge distillery from the licensee before making issued of the specially donatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head—"039—State Excise—E—Commercial and donatured spirit medicated wines—B—licence fees commercial spirits."	**Rule-3** (*a*) :—The fee for a licence in Form F. L. 39 shall be at the rate of Fifteen paise per litre, payable on the quantity of specially donatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall be realised by the Excise Inspector Incharge distillery from the licensee before making issues of the specially donatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head—"039—State Excise—E—Commercial and Donatured spirit medicated wines—B—licence fees commercial aptirits."
(*b*) The fee for a licence in Form F. L. 40 and F. L. 41 shall be at the rate of 25 per cent *ad valorem* on the sale made by a distillery/wholesale vendor to F. L. 40 and F. L. 41 licensees, payable in advance before the issue of licence.	(*b*) The fee for a licence in Form F. L. 40 and F. L. 41 shall be at the rate of 40 per cent *ad valorem* on the sale made by a distillery/wholesale vendor to F. L. 40 and F. L. 41 licensees, payable in advance before the issue of licence.

प्रवीण कुमार

आबकारी आयुक्त।

The Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification No. 951/Licence-3 dated May 31,1979.

OFFICE OF THE EXCISE COMMISSIONER, UTTAR PRADESH ALLAHABAD.
No. 951/Licence-3
Dated : Allahabad: May 31, 1979.

NOTIFICATION
MISCELLANEOUS

In exercise of the powers under section 41 of the U.P. Excise Act, 1910(act No. IV of 1910), and with the previous sanction of the State Government the Excise Commissioner makes the following rules with a view to amend the U.P. Licences for Possession of Denatured spirit and Specially Denatured spirit rules, 1976 published under his notifications No. 953 dated May 3, 1976.

The U.P. Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured spirit(amendment)Rules, 1979.

Short title Commencement. 1. i)These rules may be called the U.P.Licences for the Possession of Denatured Spirit and Specially Denatured Spirit(amendment)Rules, 1979.

ii)They shall come into force from June 1,1979.

Amendment of Rule 3. 2. In the U.P. Licences for the possession of Denatured Spirit and Specially denatured Spirit Rules, 1976 for the Rules mentioned in Column 1, the rules as mentioned in Column 2 shall be substituted :

COLUMN 1 Existing Rule	COLUMN 2 Rules as hereby substituted :
Rule 3.(a) The fee for a licence in Form F.L.39 shall be at a rate prescribed for industry to industry by the Excise Commissioner per litre, payable on the quantity of specially denatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall be realised by the Excise Inspector incharge Distillery from the licensee before making issues of the specially denatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head "State Excise Miscellaneous Confiscation and Miscellaneous(a)Contribution towards establishment." (b)The fee for a licence in Form F.L.40 and F.L.41 shall be as prescribed below for a year or part thereof, payable in advance before the issue of licence: (i) where the licence is for the possession of less than 5000 bulk litres of denatured spirit per annum. Rs.100 (ii)Where the licence is for the possession of 5000 litres [illegible] denatured spirit per [illegible]	~~rules as hereby substituted:~~ Rule 3(a) The fee for a licence in Form F.L.39 shall be at a rate of ten paise per litre payable on the quantity of specially denatured spirit obtained from any distillery in Uttar Pradesh. The fee shall be realised by the Excise Inspector Incharge Distillery from the licensee before making issued of the specially denatured spirit from the distillery and shall be deposited in the Treasury under the head -"039-State Excise - B -Commercial and Denatured spirits and medicated wines-b-Licence fees for commercial spirits." (b)The fee for a licence in Form F.L. 40 and F.L.41 shall be at the rate of 25 percent advaloram on the sale made by a distillery/wholesale vendor to F.L.40 and F.L.41 licensees, payable in advance before the issue of licence.

By Order,

FARHAT ALI
EXCISE COMMISSIONER.

कार्यालय, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश

अधिसूचना

7 मई, 1976 ई0

सं0 951—संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (अधिनियम संख्या 4, 1910) की धारा 41 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके तथा समय-समय पर यथा संशोधित आबकारी आयुक्त की अधिसूचना संख्या 9473/9—213-ए, दिनांक 25 मार्च, 1926 के अधीन प्रकाशित शीर्षक "विकृत स्प्रिट के थोक तथा फुटकर बिक्री के लिए लाइसेन्स" के अधीन बनाई गई नियमावली के नियम 20 का अतिक्रमण करके, उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, विकृत स्प्रिट, जिसके अंतर्गत औद्योगिक प्रयोजनों के निमित्त विशिष्टतया विकृत स्प्रिट भी है, को कब्जे में रखने के लाइसेन्सों से सम्बन्धित निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :

नियमावली

1—संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ—(1) यह नियमावली, उत्तर प्रदेश विकृत स्प्रिट तथा विशिष्टतया विकृत स्प्रिट को कब्जे में रखने के लिए लाइसेन्स नियमावली, 1976 कहलाएगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

(3) इस नियमावली में विषय अथवा प्रसंग से किसी प्रतिकूल बात के न होने पर "विशिष्टतया विकृत स्प्रिट" का तात्पर्य ऐसी रीति से मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त की गई स्प्रिट से है जो आबकारी आयुक्त की अधिसूचना द्वारा एतदर्थ विहित की जाय और इसके अन्तर्गत सामान्य प्रयोग के लिए साधारण विकृत स्प्रिट नहीं है।

2—कब्जे में रखने के लिए लाइसेंस धारा—20(4)—विकृत स्प्रिट जिसके अन्तर्गत औद्योगिक प्रयोजनों के निमित्त विशिष्टतया विकृत स्प्रिट भी है, को कब्जे में रखने के लिए लाइसेन्स तीन प्रकार के होंगे, अर्थात् :

(1) प्रपत्र वि0 म0 39—ऐसे उद्योगों में प्रयोग के लिए जिनमें अल्कोहल नष्ट कर दिया जाता है अथवा उसे रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अन्य उत्पाद के रूप में परिवर्तित किया जाता है और ऐसे उत्पाद में अल्कोहल नहीं होता है, यथा इथर, क्लोरोफार्म, स्टाईरीन, ब्यूटाडाइन, एसीटोन, पोलीथीन इत्यादि।

(2) प्रपत्र वि0 म0 40—ऐसे उद्योगों में प्रयोग के लिए जिनमें अल्कोहल केवल विलायक (साल्वेन्ट) के रूप में अथवा माल तैयार करने में प्रयोग किया जाता है और उस उत्पाद में अल्कोहल नहीं होता है जिसे सामान्यतया पुनः प्रयोग के निमित्त प्राप्त किया जाता है यथा ग्लूकोज तथा इसके व्युत्पादित पेक्टिन इत्यादि।

(3) प्रपत्र वि0 म0 41—ऐसे उद्योगों में प्रयोग के लिए, जिनमें अल्कोहल प्रत्यक्षरूप से प्रयोग में लाया जाता है अथवा विलायक (साल्वेन्ट) या वाहक (वेहिकिल) के रूप में प्रयोग में लाया जाता है तथा अपने अंतिम उत्पाद में कुछ सीमा तक उपस्थित रहता है, जैसे प्रलाक्षारस (लैकर), वार्निश, पालिश, दवाइयाँ (ड्रग्स), कीट-निरोधक (ऐंटीसेप्टिक) तथा सेन्ट, तरल द्रव्य...

(3)(क) प्रपत्र वि0 म0 39 में लाइसेन्स के लिए फीस, उत्तर प्रदेश की किसी आसवनी से प्राप्त की गई विशिष्टतया विकृत स्प्रिट के परिमाण पर आबकारी आयुक्त द्वारा अलग-अलग उद्योग के लिए विहित प्रति लीटर दर पर देय होगी। यह फीस प्रभारी आबकारी निरीक्षक द्वारा आसवनी से विशिष्टतया विकृत स्प्रिट जारी किए जाने के पूर्व लाइसेन्सधारी से वसूल की जाएगी और शीर्षक "039 स्टेट एक्साइज मिसलेनियस कन्सिडरेशन एण्ड मिसलेनियस (ए) कन्ट्रीब्यूशन टूवर्ड्स इस्टैब्लिशमेन्ट" के अधीन कोषागार में जमा की जायगी।

(ख) प्रपत्र वि0 म0 40 तथा वि0 म0 41 में लाइसेन्स के लिए फीस लाइसेन्स जारी किए जाने के पूर्व अग्रिम रूप से एक वर्ष अथवा उसके भाग के लिए, नीचे विहित की गई दर पर देय होगी :—

	रु0
(1) यदि लाइसेन्स प्रतिवर्ष 5,000 बल्क लिटर से न्यून विकृत स्प्रिट कब्जे में रखने के लिए हो	100.00
(2) यदि लाइसेन्स प्रतिवर्ष 5,000 लीटर अथवा इससे अधिक विकृत स्प्रिट कब्जे में रखने के लिए हो	200.00

4—सामान्य शर्तें—औद्योगिक प्रयोजनों के लिए विकृत स्प्रिट रखने के लिए समस्त लाइसेन्सधारी व्यक्तियों पर निम्नलिखित सामान्य शर्तें बन्धनकारी होंगी :

(1) लाइसेन्सधारी अपने लाइसेन्स के संबंध में प्रयोज्य संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 के समस्त नियमों तथा अपने लाइसेन्स की सामान्य और विशिष्ट शर्तों का अनुपालन करने के लिए बाध्य होगा।

(2) लाइसेन्सधारी यदि आबकारी आयुक्त द्वारा अपेक्षा की जाय, लाइसेन्स स्वीकृत किए जाने के पूर्व अथवा अपने लाइसेन्स जारी रहने के दौरान किसी भी समय लाइसेन्स की शर्तों तथा निबन्धनों को समुचित रूप से पालन करने के लिए कलेक्टर के पास नकद अथवा सरकारी प्रोनोट या राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट के रूप में ऐसी धनराशि, जो आबकारी आयुक्त द्वारा विहित की जाय, प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा। लाइसेन्स की शर्तों तथा निबन्धनों का अनुपालन न करने की दशा में इस प्रकार जमा की गई प्रतिभूति लाइसेन्सधारी को स्पष्टीकरण का समुचित अवसर दिए जाने के पश्चात् सरकार के पास समपहृत हो जाएगी और उन अन्य शास्तियों के अतिरिक्त जिनकी व्यवस्था विधि के अधीन की जाय, उसका लाइसेन्स रद्द किया जा सकता है।

(3) लाइसेन्स लाइसेन्सधारी को व्यक्तिगत रूप से स्वीकृत अथवा नवीकृत किया गया समझा जाएगा और आबकारी आयुक्त की पूर्व अनुज्ञा के बिना उसे न अन्तरित किया जायेगा या पट्टे पर दिया जायेगा अथवा बेचा जायेगा।

(4) लाइसेन्सधारी आबकारी आयुक्त की पूर्व अनुज्ञा के बिना उस भू-गृहादि को जिसमें वह लाइसेन्स के अधीन कारबार करता है, नहीं बदलेगा तथा यह तथ्य को कलेक्टर अथवा उसके...

97

[illegible] यथाविधि [illegible] किसी अधिकारी द्वारा लाइसेन्स [illegible] किया जायेगा और इसकी सूचना आबकारी आयुक्त को दी जायेगी ।

